समाचार

# महापौर ने किया '' स्वच्छता का जादू '' आई.ई.सी. कैम्पेन का शुभारंभ

## (निगम द्वारा सार्वजनिक स्थलों, जलस्त्रोतों, शौचालयों में चलाया जा रहा वृहद स्वच्छता अभियान)

## (आज लक्ष्मणबन नाला में चला सफाई अभियान, की गई विशेष साफ–सफाई)




कोरबा 05 मार्च 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद द्वारा नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा चलाए जा रहे '' स्वच्छता का जादू '' आई.ई.सी. कैम्पेन का आज शुभारंभ किया गया। निगम द्वारा इस कैम्पेन के तहत सार्वजनिक स्थलों, जलस्त्रोतों, बोरबेल पाइंट एवं शौचालयों आदि में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसी कड़ी में आज 05 मार्च को लक्ष्मण नाला में अभियान चलाकर विशेष साफ–सफाई का कार्य किया गया। वार्ड पार्षद श्री दिनेश सोनी ने वार्ड के नागरिकों, अधिकारियों व स्वच्छता मित्रों के साथ अभियान में अपनी सहभागिता दी।

भारत सरकार द्वारा '' स्वच्छता का जादू '' आई.ई.सी.कैम्पेन लाच किया गया है, इसके अंतर्गत निगम द्वारा उक्त स्थलों पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाने हेतु कार्ययोजना तैयार कर अभियान संचालित किया जा रहा है। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने लक्ष्मणबन बस्ती से इस अभियान का शुभारंभ किया गया। उन्होने लक्ष्मणबन बस्ती में डोर–टू–डोर भ्रमण कर स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 तथा स्वच्छता संदेशों के संबंध में पम्पलेटों का वितरण कर वहां के नागरिकों से साफ–सफाई के प्रति सजग रहने, अपने बस्ती, मोहल्ले को साफ–सुथरा रखने, निगम द्वारा चलाए जा रहे इस कैम्पेन में अपनी सहभागिता देने का आग्रह किया। उन्होने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे घरों से निकले हुए सूखे व गीले कचरे को पृथक–पृथक डस्टबिन में रखें तथा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु आने वाली स्वच्छता दीदियों व सफाईमित्रों के रिक्शे में ही कचरे को दें, सार्वजनिक स्थानों, सड़क, नाली, चौक–चौराहों आदि पर कचरा न डालें। आज अभियान के प्रथम दिन लक्ष्मणबन बस्ती स्थित लक्ष्मण नाले में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा विशेष साफ–सफाई के कार्य किए गए। आज इस अभियान में वार्ड पार्षद दिनेश सोनी, कार्यपालन अभियंता आर.के.चौबे, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत एवं डॉ.संजय तिवारी, अभियंता लीलाधर पटेल, गोयल सिंह विमल, शिल्पा राठौर, शैलेष सिंह सोवमंशी सहित स्वच्छता कमाण्डों, सफाईमित्रों व वार्ड के नागरिकों ने अभियान में अपनी सहभागिता दी।

**विभिन्न स्थानों पर चलाया जाएगा कैम्पेन**–निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार 06 मार्च को सब्जी फल मण्डी की सफाई के तहत बुधवारी बाजार में अभियान चलाया जाएगा। इसी प्रकार 08 मार्च को गारवेज वेनखेल पाइंट का उन्मूलन एवं सौदंर्यीकरण अंतर्गत रविशंकर शुक्लनगर में अभियान संचालित होगा। 09 मार्च को तालाबों की सफाई के तहत पोड़ीबहार तालाब में विशेष साफ–सफाई का कार्य किया जाएगा। 10 मार्च को लैण्डफिल क्षेत्र की सफाई व सभी एस.एल.आर.एम.सेंटरों की सफाई अंतर्गत निगम के सभी क्षेत्र में इन स्थलों की विशेष सफाई का कार्य होगा तथा 11 मार्च को नया बस स्टैण्ड, 12 मार्च स्मृति उद्यान में सफाई अभियान संचालित होगा। 05 मार्च से 19 मार्च तक निगम के समस्त जोन में खुले प्लाट एवं सड़कों पर बिखरे मलवे की सफाई होगी, वहीं 11 मार्च से 15 मार्च तक समस्त सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालयों की विशेष साफ–सफाई का कार्य किया जाएगा।

**कैम्पेन में सहभागिता देने निगम की अपील**– नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा जनप्रतिनिधियों, सामाजिक, धार्मिक व स्वयंसेवी संगठनों तथा आमनागरिकों से अपील की गई है कि वे निगम द्वारा चलाए जा रहे इस महत्वपूर्ण कैम्पेन में अपनी सहभागिता व सहयोग प्रदान करें। इसके तहत अपने आसपास के धार्मिक स्थलों, मोहल्ले के उद्यानों, सामुदायिक भवनों व परिसरों, बस स्टैण्ड, बस स्टाप, जलस्त्रोत, तालाब, नदी किनारा व सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाएं तथा कार्य के वीडियो व फोटो निगम को प्रेषित करें।